समाचार

10 मार्च को 08 स्थानों में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर

कोरबा 09 मार्च 2022 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट गुरूवार 10 मार्च को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 मार्च गुरूवार को वार्ड क्र. 08 इमलीडुग्गू दुर्गा पण्डाल के पास गौमाता चौक, वार्ड क्र. 17 आंगनबाड़ी भवन मानसनगर, वार्ड क्र. 30 मानिकपुर सार्वजनिक भवन नीचे मोहल्ला, वार्ड क्र. 37 पाड़ीमार नम्बर–02 ग्रामीण बैंक के पास सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 45 स्याहीमुड़ी गांधी चौक के पास, वार्ड क्र. 52 नगोईखार राकेश वीडियो गली सामुदायिक मंच, वार्ड क्र. 60 गेवरा बस्ती स्कूल के पास, वार्ड क्र. 66 बांकीमोंगरा नम्बर–02 सोमवारी बाजार स्थित स्टेज के पास कैम्प लगाए जाएंगे।